भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 697

29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

## चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस की सीटों में वृद्धि

**697. श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:**
**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:**
**डॉ. राजेश मिश्रा:**
**डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:**
**श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:**
**श्री दिनेशभाई मकवाणा:**
**श्री गणेश सिंह:**
**श्री मनोज तिवारी:**
**श्री विनोद लखमशी चावड़ा:**
**श्री काली चरण सिंह:**
**श्रीमती हिमाद्री सिंह:**
**श्रीमती अपराजिता सारंगी:**
**श्री बिभु प्रसाद तराई:**
**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:**
**श्री विजय कुमार दूबे:**
**श्री प्रवीण पटेल:**
**श्री जुगल किशोर:**
**श्री बलभद्र माझी:**
**श्री सुरेश कुमार कश्यप:**
**श्री नव चरण माझी:**
**श्री कंवर सिंह तंवर:**
**डॉ. निशिकान्त दुबे:**
**श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया:**

**क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 की तुलना में वर्तमान में देश में विशेषकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और उत्तर प्रदेश में जिला-वार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल कितने चिकित्सा महाविद्यालय हैं;

(ख) वर्ष 2014 की तुलना में वर्तमान में देश में एमबीबीएस सीटों की कुल संख्या में कितनी वृद्धि हुई है;

(ग) क्या चिकित्सा महाविद्यालयों और सीटों की संख्या में वृद्धि से देश में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, विशेषकर राजस्थान में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली सुदृढ़ हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का झारखंड के चतरा जिले में चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ङ) क्या सरकार देश के सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों में कर्मचारियों की कमी के संबंध में कोई कदम उठा रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (च): सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि की है और इसके बाद एमबीबीएस सीटों में भी वृद्धि की है। वर्ष 2014 से पहले 387 मेडिकल कॉलेजों की तुलना में आज की तारीख में 780 मेडिकल कॉलेज हो गयें हैं जिससे इनकी संख्या में 102% की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, 2014 से पहले 51,348 एमबीबीएस सीटों की तुलना में आज की तारीख में 1,18,137 एमबीबीएस सीटें हो गई हैं जिससे इनमें भी 130% की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013-14 और 2024-25 में देश में मेडिकल कॉलेजों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत झारखंड के दुमका, हजारीबाग, पलामू, चाईबासा और कोडरमा जिलों में पांच मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है जो कार्यशील हैं। इसके अलावा, चतरा जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए झारखंड राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

स्वास्थ्य मानव संसाधन से संबंधित सभी प्रशासनिक और कार्मिक मामले संबंधित राज्य/संघ राज्य सरकारों के पास हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समग्र संसाधन आवरण के भीतर उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में उनके द्वारा प्रस्तुत आवश्यकताओं के आधार पर उनकी स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए अनुमति पत्र जारी करते समय कॉलेज के भौतिक मूल्यांकन के माध्यम से अपने मानदंडों के अनुसार संकाय और अन्य आवश्यक कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

**अनुलग्नक**

दिनांक **29/11/2024** को उत्तर के लिए नियत; लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 697 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

<u>वित्त वर्ष 2013-14 और 2024-25 में मेडिकल कॉलेजों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण</u>

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | वित्त वर्ष 2013-14 में मेडिकल कॉलेजों की संख्या | वित्त वर्ष 2024-25 में मेडिकल कॉलेजों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 0 | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 43 | 38 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 1 |
| 4 | असम | 5 | 14 |
| 5 | बिहार | 13 | 22 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 5 | 16 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 1 |
| 9 | दिल्ली | 7 | 10 |
| 10 | गोवा | 1 | 1 |
| 11 | गुजरात | 22 | 41 |
| 12 | हरियाणा | 7 | 15 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 3 | 8 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 4 | 12 |
| 15 | झारखंड | 3 | 9 |
| 16 | कर्नाटक | 46 | 73 |
| 17 | केरल | 25 | 34 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 12 | 31 |
| 19 | महाराष्ट्र | 44 | 80 |
| 20 | मणिपुर | 2 | 4 |
| 21 | मेघालय | 1 | 2 |
| 22 | मिजोरम | 0 | 1 |
| 23 | नगालैंड | 0 | 1 |
| 24 | ओडिशा | 8 | 19 |
| 25 | पुदुचेरी | 8 | 9 |
| 26 | पंजाब | 10 | 13 |
| 27 | राजस्थान | 10 | 43 |
| 28 | सिक्किम | 1 | 1 |
| 29 | तमिलनाडु | 45 | 77 |
| 30 | तेलंगाना | 0 | 65 |
| 31 | त्रिपुरा | 2 | 3 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 30 | 86 |
| 33 | उत्तराखंड | 4 | 10 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 17 | 38 |
| 35 | एम्स | 7 | * |

*संबंधित राज्यों में एम्स को शामिल किया गया है।

*****